उत्तर प्रदेश में भारी बरसात से जनजीवन बेहाल, खाने-पीने के लिए चीजें मुहाल

हवाई सर्वेक्षण करके सीएम योगी बोले... आपदा के समय खुद को असहाय महसूस न करें बाढ़ पीड़ित

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

गोरखपुर चौरीचौरा विधानसभा के झगहा गांव में हवाई सर्वेक्षण करते हुए पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 15 दिनों से पूर्वी उत्तर प्रदेश में और नेपाल में भारी बारिश के कारण पूर्वी यूपी से जुड़े 15 जिले बाढ़ की चपेट में है। गोरखपुर जिले के 304 गांव एवं 2.25 लाख आबादी बाढ़ की चपेट में आई है। बाढ़ बचाव के लिए समय पूर्व किए गए प्रभावी उपाय के कारण जनहानि एवं धन हानि रोकने का पूरा उपाय किया गया है। आपदा में उपाय एवं संशोधन कम पड़ जाते हैं। राप्ती नदी खतरे के निशान से ढाई से तीन मीटर ऊपर बढ़ रही है। पिछले 50 वर्षो में बाढ़ से इतनी खतरनाक स्थिति नहीं रही है। हमने 1998 और 2017 का स्तर भी देखा था, इतना नहीं था। जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासन ने मिल कर बचाव और राहत के लिए पूरी ताकत एवं प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। इसके पूर्व तटबंधों के मरम्मत एवं रखरखाव के काम किए गए। 15 राजस्व ग्राम जहां गोर्रा और राप्ती नदी का कहर है, सर्वेक्षण कर आया हूं। प्रशासन की बड़ी बैठक गोरखपुर में ली है जिसमें कहा कि अगले तीन दिन के अंदर हर पीड़ित परिवार तक राहत सामग्री पहुंच जाए। प्रधानमंत्री एवं राज्य सरकार की यही मंशा है। आपदा की स्थिति में कोई व्यक्ति स्वयं को असहाय महसूस न करें। शनिवार को डेढ़ से दो हजार लोगों को राहत सामग्री वितरित की गई। बारिश के समय जिन ग्रामों में पानी आ चुका है। यहां डायरिया एवं हैजा कर खतरा रहता है।

बाढ़ पीड़ितों को तीन दिन में पहुंचाएं राहत सामग्रीः योगी

उप्र की बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ पीड़ितों को बिना देरी किए राहत और बचाव सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए। बृजमनगंज क्षेत्र के जीएस नेशनल स्कूल कालीनगर में बाढ़ पीड़ितों को राहत बांटने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाढ़ के बाद अब राहत बचाव कार्य युद्ध स्तर पर शुरू होना चाहिए। तीन दिन के अंदर बाढ़ प्रभावित सभी गांव में राहत सामग्री बंट जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि इसकी निगरानी वह स्वयं करेंगे. इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसकी मानीटरिंग के लिए सीएम ने हर बाढ़ प्रभावित गांव में एक नोडल अधिकारी तैनात करने का आदेश भी जारी कर दिया. शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे। जीएस नेशनल स्कूल के हेलीपैड पर उतरने के बाद सीएम योगी ने 12 बजे मंच से बाढ़ पीड़ितों को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि बारिश और बाढ़ से जिन लोगों को नुकसान पहुंचा है सरकार उसके प्रति गंभीर रूप से चिंतित है।

सुरक्षा एवं राहत बचाव कार्य पर सरकार गंभीर

महराजगंज जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने आए सुबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फरेंदा व सदर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा किया। इसके उपरांत बृजमनगंज क्षेत्र के जीएस पब्लिक स्कूल शहाबाद में दस बाढ़ पीड़ित परिवारों से मिले, उनकी समस्याएं सुनी और राहत सामग्री का वितरण कर हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाढ़ सुरक्षा एवं राहत बचाव कार्य को लेकर सरकार गंभीर हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत बचाव कार्य युद्ध स्तर संचालित किया जा रहा हैं। इसके साथ ही पीड़ित परिवारों तक बाढ़ राहत सामाग्री भी मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने महराजगंज जनपद के सभी बाढ़ प्रभावित 155 गांवों में तीन दिनों के अंदर नोडल अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित कर राहत सामाग्री का वितरण कराने का निर्देश भी दिया। इसके साथ ही बाढ़ पीड़ितों के प्रति अपनी और सरकार की प्रतिबद्धता को प्रकट करते हुए कहा कि हर परिस्थिति में सरकार आपके साथ खड़ी है।

मदद की आस में छत पर लोग और पेड़ों पर जानवर

गोरखपुर के सोनौली रोड के किनारे बसे मोहरीपुर में एक सप्ताह से बाढ़ का 'कर्फ्यू' क्या लगा, बच्चे दूध के लिए तरस गए। जिन घरों में कोई बीमार है, उसके लिए दवा का इंतजाम भी कठिन है। अब महानगर में शामिल हो चुके इस इलाके में जरूरी सामान की किल्लत के कारण मुसीबत बढ़ती जा रही है। जिले की सभी नदियां उफान पर हैं। बाढ़ का पानी नदी के किनारे बसे इलाकों में फैल चुका है। बारिश के चलते पहले ही निचले इलाकों में पानी भरा था। बाढ़ ने हालत को बदतर कर दिया। सोनौली रोड पर स्थित मोहरीपुर समेत आसपास के शेखपुरवा, हमीरपुर, नवापार, रामपुर आदि गांव पिछले साल गोरखपुर महानगर में शामिल कर लिए गए थे। इन सभी में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। सड़क के किनारे तीन से चार फुट तक, जबकि अंदर के हिस्सों में पांच से सात फुट तक पानी है। मोहरीपुर (जंगल बहादुर अली) में शिवप्रताप सिंह का परिवार एक सप्ताह से घर में फंसा है। इस परिवार के एक सदस्य को बुखार है, जबकि छोटे बच्चे के लिए दूध का संकट है।

Morning Glory Leasing & Finance Limited
CIN: L67120DL1984PLC018872
Tel. No.: +91 11 47119100
Regd. Off: Iris House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046
Email:morninggloryleasing@gmail.com **Website:** www.morninggloryleasing.in

NOTICE

NOTICE is hereby given that the 37th Annual General Meeting ("AGM") of the members of Morning Glory Leasing and Finance Limited will be held on Thursday, the 30th day of September, 2021 at 11:00 A.M. at its registered office at IRIS House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi – 110046.

Notice is further given that pursuant to the provisions of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and Companies Act, 2013 read with Rules made thereunder, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Friday, 24th September, 2021 to Thursday, 30th September, 2021(both days inclusive) for the purpose of ascertaining the shareholders attending the AGM.

Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on 23rd September, 2021 (i.e. Cut-off date) may cast their vote electronically on the Businesses as set out in the Notice of the 37th AGM through Remote E-voting services provided by National Securities Depository Ltd ('NSDL'). All the members are informed that:

a) Notice of 37th AGM along with Annual Report for the FY 2020-21 has been sent to all the members in Physical form on their registered address through permissible mode.
b) The remote e-voting shall commence on 27th September, 2021 (09.00 a.m. IST) and end on 29th September, 2021 (05.00 p.m. IST). The remote e-voting shall not be allowed beyond 29th September, 2021 (05.00 p.m. IST).
c) Any person, who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as on the cut-off date i.e. 23rd September, 2021, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or bssdelhi@bigshareonline.com.
d) The facility for voting through Ballot Paper/Polling Paper shall be made available at the AGM and the members attending the meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through Ballot paper/Polling Paper.
e) A member may participate in the AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again at the AGM.
f) A person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM through Ballot paper/Polling Paper.
g) The Notice of 37th AGM is available on the Company's website www.morninggloryleasing.in and also on the NSDL's website www.evoting.nsdl.com.
h) In case of any queries members may contact the undersigned at +91 11 47119100 and may also write to the undersigned at morninggloryleasing@gmail.com or at the Registered office address at IRIS House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046.

For Morning Glory Leasing & Finance Limited
Sd/-
Payal Madaan
Company Secretary cum Compliance Officer

Date : 04.09.2021
Place : New Delhi

अंका इंडिया लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 41, शिवालिक बिल्डिंग, निकट सरस्वती हॉस्पीटल / टेलीफोन एक्सचेंज, सोहना हिसार रोड, गुड़गांव 122001
CIN: L74900HR1994PLC033268: Email id: response@ankaindia.com
Phone no: 9820069933; website: www.ankaindia.com

27वीं वार्षिक सामान्य बैठक (''एजीएम'') अथवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाने वाली (''दि मीटिंग'') के संबंध में जानकारी

कोविड-19 महामारी के मद्देनजर और देश में विभिन्न स्थानों पर लोगों के एक स्थानसे दूसरे स्थान पर रोक की निरंतरता में, सदस्य कृपया नोट करें कि अंका इंडिया लिमिटेड (''दि कंपनी'') की 27वीं एजीएम बृहस्पतिवार 30 सितंबर 2021 को अप. 04:30 आईएसटी को लागू सभी कानूनों के अनुपालन में वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक की सूचना में निर्धारित बिजनेस का संपादन करने के लिए आयोजित की जाएगी।

27वीं एजीएम के आयोजन की इलैक्ट्रॉनिक प्रतियां और वित्तीय वर्ष 2020 21 हेतु एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट सभी सदस्यों को जिनके ई मेल पते कंपनी/डिपॉजट्रीज के पास पंजीकृत हैं, को भेजी जाएगी। सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट (www.ankaindia.com) पर और स्टॉक एक्सचेंजिज अर्थात बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.comand) पर तथा सेंट्रल डिपॉजट्रिज सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड पर www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

उक्त सूचना में कंपनी द्वारा उपलब्ध करवाए गए विवरण के अनुसार, सदस्य 27वीं एजीएम में केवल वीसी/ओएवीएम की सुविधा के माध्यम से उपस्थित/भाग ले सकते हैं। तदनुसार कृपया नोट करें कि कंपनी की 27वीं एजीएम में उपस्थित होने और भाग लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से भाग लेने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। वीसी/ओएएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के प्रयोजन हेतु की जाएगी।

लागू सभी कानूनों के तहत सदस्यों को एजीएम सूचना में निर्धारित बिजनेस पर अपना वोट इलैक्ट्रॉनिकली देने का अवसर प्राप्त होगा। दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से (एजीएम से पूर्व अथवा बैठक में) फिजिकल मोड अथवा (डिमैटिरियलाइज्ड) रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों हेतु विवरण एजीएम की सूचना में उपलब्ध करवाया गया है।

ई मेल पते पंजीकृत/अपडेट करने का तरीका :

(ए) सदस्य जो फिजिकल मोड में शेयर धारण करते हैं, और जिन्होंने अपने ई-मेल पते कंपनी के पास पंजीकृत/अपडेट नहीं करवाए हैं, से कंपनी को फोलियो नंबर का विवरण भेजते हुए और पेन कार्ड की स्व स्त्यापति प्रति संलग्न करते हुए response@ankaindia.com पर अथवा अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड को rta@alankit.com पर लिखित में अनुरोध भेजने का आग्रह किया जाता है।

(बी) (डिमैटिरियलाइज्ड) रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य, जिन्होंने अपने ई-मेल पते कंपनी/डिपोजट्री पार्टीसिपेंट्स के पास पंजीकृत/अपडेट नहीं करवाए हैं, से अनुरोध है कि वे अपने ई-मेल पते उन डिपोजट्री पार्टीसिपेंट्स के पास पंजीकृत/अपडेट करवाएं जिनके पास उन्होंने अपने डिमेट अकाउंट रखे हैं।

भविष्य में लाभांश (ओं) को इलैक्ट्रॉनिकली प्राप्त करने के लिए पंजीकरण मैंनडेट :

भविष्य के लाभांश (ओं) जब भी कंपनी द्वारा इनकी घोषणा की जाती है, की प्राप्ति में देरी से बचने के लिए, सदस्यों से उनके डिपोजट्री के पास (डिमैटिरियलाइज्ड शेयर हैं) और कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (फिजिकली शेयर धारण करने वालों हेतु) अपने बैंक विवरण अपडेट करने का आग्रह किया जाता है।

कृते अंका इंडिया लि.
हस्ता/-
अनु शर्मा
कम्पनी सचिव

स्थान : गुड़गांव
दिनांक : 06.09.2021

शहर से बाहर रहकर भी अमेठी की रखती हूं खबरः केंद्रीय मंत्री स्मृति

अमेठी। दो दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंची केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अमेठी में 70 साल में जो नहीं हुआ वह भाजपा सरकार ने थोड़े समय में करके दिखा दिया। उन्होंने कहा कि आज कोरोना वायरस जैसी महामारी से लड़ने में अमेठी की चिकित्सा व्यवस्था सक्षम है। जगदीशपुर में ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण करने के बाद केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि 70 साल तक अमेठी को तमाम सुविधाओं से वंचित रखा गया, यहां तक कि अमेठी में एक ऑक्सीजन प्लांट भी नहीं था, लेकिन आज अमेठी में सात ऑक्सीजन प्लांट काम कर रहे हैं और ऑक्सीजन के क्षेत्र में अमेठी पूरी तरह से आत्मनिर्भर है। ईरानी ने कहा, अमेठी मेरा घर है, परिवार है और परिवार की देखभाल कैसे की जाती है, यह मुझे पता है। मैं जो कहती हूं, वह करती हूं। आप सब ने देखा है कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान जांच के लिए नमूने लखनऊ भेजने पड़ते थे लेकिन यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने ऐसी व्यवस्था की कि अब कोरोना की जांच अमेठी में हो रही है। उन्होंने कहा, मैं अमेठी में रहूं या बाहर, मैं हर पल अमेठी की खबर रखती हूं, प्रशासन के संपर्क में रहती हूं और मेरा अधिकारियों से यह साफ कहना है कि मेरी अमेठी के लोगों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। जगदीशपुर में ऑक्सीजन प्लांट के उद्घाटन, ट्रॉमा सेंटर के निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी अरुण कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबे मौजूद रहे। ईरानी ने अधिकारियों से ट्रॉमा सेंटर की चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए।

पेज एक का शेष

सुनहरा शनिवार...

नाम रहे । इसके साथ ही भारत के टोक्यो खेलों में 15 पदक हो गए जिनमें तीन स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य शामिल हैं । भुवनेश्वर का 33 साल का यह खिलाड़ी प्रमोद अभी मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 क्लास में कांस्य पदक की दौड़ में बना हुआ है।

प्रमोद ने अपनी कमजोरी को ताकत बनायाः प्रमोद बिहार के हाजीपुर के रहने वाले हैं, लेकिन 5 साल की उम्र में पैर में पोलियो के कारण उनकी बहन बेहतर इलाज के लिए ओडिशा लेकर चली गई थीं। जहां उन्होंने अपनी कमजोरी को ताकत बनाया और बैडमिंटन खेलना शुरू किया। प्रमोद के पिता गांव में रहकर खेती करते हैं। पिता रामा भगत कहते हैं- बचपन से ही उसकी खेल में रुचि थी। वो सबको हरा देता था। तभी उसको पोलियो हो गया। इससे सब निराश हो गए थे। उसकी बहन किशुनी देवी और बहनोई कैलाश भगत को कोई संतान नहीं है। उन्होंने उसे गोद ले लिया और अपने साथ भुवनेश्वर में रखा। वहीं उसकी शिक्षा-दीक्षा हुई।

महाधिवक्ता पद से सीधे...

ने उन्हें अतिरिक्त महाधिवक्ता बनाया। इसके बाद जून 2017 में पहली बार महाधिवक्ता बनाए गए। हालांकि, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया था। दोबारा करीब डेढ़ वर्ष बाद मप्र में सरकार बदली तो कौरव को एक बार फिर से मप्र के महाधिवक्ता की जिम्मेदारी दी गई। अब हाईकोर्ट का जज बनाए जाने की सहमति के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही वे हाईकोर्ट के जज बन जाएंगे। महाधिवक्ता पद से सीधे हाईकोर्ट जज बनने वाले कौरव पहले व्यक्ति होंगे।

पीएसी की छह और...

(एसएसपी), सात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) और 40 पुलिस निरीक्षक सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के महासचिव और कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान मोर्चा के सदस्य युद्धवीर सिंह ने कहा कि किसान महापंचायत में केंद्रीय कृषि कानून, गन्ना समर्थन मूल्य और बिजली आपूर्ति जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और महाराष्ट्र सहित देश भर के किसान कार्यक्रम में भाग लेंगे। एसकेएम ने कहा कि हरियाणा के रेवाड़ी के किसानों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को पांच सितंबर को रेवाड़ी में निर्धारित कार्यक्रम में आने को लेकर आगाह किया है और कहा है कि किसान निश्चित रूप से काले झंडे दिखाकर विरोध करेंगे। हिमाचल प्रदेश में, किसानों ने जब तक कि उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तबतक मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को शिलाई में आगामी कार्यक्रम में भाग लेने के खिलाफ चेतावनी दी है।

अभी तक कितने...

एक मामले में सीबीआई द्वारा 542 दिनों की देरी के बाद याचिका दायर पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सीबीआई के कामकाज और उसके प्रदर्शन का विश्लेषण करने का फैसला किया है। कोर्ट ने सीबीआई निदेशक को कहा है कि वह उन मामलों की संख्या को कोर्ट के सामने रखें, जिनमें एजेंसी ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्टों में अभियुक्तों को दोषी ठहराने में सफल रही है। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि सीबीआई निदेशक ने कानूनी प्रक्रिया के संबंध में एजेंसी को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए हैं या उठा रहे हैं? जस्टिस संजय किशन कौल और एमएम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि सीबीआई की कुछ जवाबदेही भी होनी चाहिए।

सितंबर के अंत में...

रहे हैं। इसमें विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन और उप-सचिव वेंडी शेरमन शामिल हैं। इसके अलावा विदेश मंत्री एस.जयशंकर की अपने अमेरिकी समकक्ष विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन के साथ टेलीफोन पर कई बार बातचीत हो चुकी है। अमेरिका ने पिछले महीने 15 अगस्त को काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में भारत को काफी सहयोग किया है और उसके पहले कोविड की दूसरी लहर के दौरान अमेरिका ने भारत की मदद भी की है।

अफगानिस्तान, चीन पर होगी बातः सूत्रों ने यह भी बताया कि इस साल की शुरूआत में जनवरी महीने में जो.बाइडेन का अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद पीएम मोदी की यह पहली मुलाकात होगी। जिसमें वह अमेरिकी राष्ट्रपति के अलावा अमेरिकी प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कर सकते हैं। इसके अलावा उनके एजेंडे में अफगानिस्तान संकट और चीन का मुद्दा भी होगा। दोनों पक्ष क्वाड के जरिए सहयोग बढ़ाने, हिंद-प्रशांत पर महत्वाकांक्षी एजेंडे पर काम करने की कोशिश करेंगे। क्वाड के शीर्ष नेताओं के शिखर सम्मेलन की योजना भी वाशिंगटन डीसी में बनाई जा रही है। हालांकि जापान के प्रधानमंत्री की सत्ता छोड़ने की खबरों के बीच क्वाड की बैठक को लेकर संशय बना हुआ है। वाशिंगटन के बाद पीएम न्यूयॉर्क की यात्रा करेंगे और संयुक्त राष्ट्र की महासभा के एक महत्वपूर्ण सत्र में भाग लेंगे। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थायी सदस्य है। बीते अगस्त महीने में उसके पास यूएनएससी की एक महीने की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भी थी। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता कब्जाने के बाद यूएनएससी बैठक में अफगानिस्तान चर्चा का एक अहम मुद्दा हो सकता है। यूएनजीए इस बार अपनी चर्चाओं को हाइब्रिड फार्मेट में आयोजित करेगी।

पहली आमने-सामने की मुलाकातः प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति जो.बाइडन के साथ यह पहली आमने-सामने की मुलाकात होगी। इससे पहले ये दोनों नेता तीन बार कई वैश्विक वर्चुअल सम्मेलनों में एक-दूसरे से मुलाकात कर चुके हैं। जिसमें इसी साल मार्च महीने में हुए क्वाड सम्मेलन, अप्रैल में जलवायु परिवर्तन पर हुए सम्मेलन और जून में हुए वर्चुअल जी-7 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो.बाइडन के बीच मुलाकात हो चुकी है। गौरतलब है कि पहले जी-7 सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन की यात्रा करने वाले थे। लेकिन कोरोना महामारी की देश में चल रही दूसरी मारक लहर की वजह से उन्हें अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। जिसकी वजह से पीएम की अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ आमने-सामने की मुलाकात नहीं हो पाई थी। जी-7 में भारत के प्रधानमंत्री को विशिष्ट आमंत्रित भागीदार के रूप में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने आमंत्रित किया था।

हाउडी मोदी के लिए पीएम गए थे अमेरिकाः कोरोना की भारत में शुरूआत से पहले पीएम मोदी ने वर्ष 2019 में अमेरिका की यात्रा की थी। उस दौरान उन्होंने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ह्यूस्टन में हाउडी मोदी कार्यक्रम को संबोधित किया था। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में अबकी बार ट्रंप सरकार का नारा दिया था। जो चुनाव में काम नहीं आया और ट्रंप की हार हो गई। इसके बाद अगर प्रधानमंत्री तय कार्यक्रम के हिसाब से अमेरिका जाते हैं तो दो साल बाद उनकी यह अमेरिका यात्रा होगी।

सरकार आज...

इस बार 'फेस ऑफ डीओई' के साथ-साथ एससीईआरटी, डाइट के शिक्षक-एजुकेटरों को भी सम्मानित किया जाएगा। सिसोदिया ने कहा कि कोरोना काल में हमारे टीचर्स ने न केवल अपने स्टूडेंट्स की शिक्षा सुनिश्चित की बल्कि कोविड ड्यूटी में सबसे आगे रहकर और आगे बढ़कर नेतृत्व किया। हमारे शिक्षकों ने कोरोना के दौरान दिल्ली से अन्य राज्यों में चले गए बच्चों को कड़ी मेहनत से न सिर्फ ढूंढा बल्कि अपने खर्चों पर दिल्ली बुलाया। ऐसे बच्चे जो ऑनलाइन क्लास नहीं कर सकते थे उन्हें डिवाइस दिए, डेटा रिचार्ज करवाया लेकिन उनकी पढ़ाई नहीं रुकने दी। ये साल बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है फिर भी हमारे टीचर्स ने न केवल अपने स्टूडेंट्स की शिक्षा सुनिश्चित की बल्कि कोविड ड्यूटी में सबसे आगे रहकर नेतृत्व किया।

जमीन की मालिक सरकार

बिहार में आसमान और जमीन पर जुबानी जंग

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में राजद कार्यालय के लिए जमीन आवंटन की मांग को लेकर अब राजनीति तेज हो गई है। शनिवार को राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगनादंन सिंह ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। जगदानंद सिंह ने कहा कि छह महीने पहले हम लोगों ने राज्य सरकार को पत्र लिखा था। जमीन की मालिक सरकार होती है और जमीन का आवंटन भी सरकार ही करती है। पटना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जगदानंद सिंह ने कहा कि सीएम नीतीश का कहना है कि जमीन आसमान से नहीं आता।

हम कहना चाहते हैं कि जमीन नालंदा से भी नहीं आता। बता दें कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद की मांग को लेकर कहा कि सभी पार्टियों को कार्यालय मिला हुआ है। कौन क्या बोलता है, वही जाने। सभी पार्टियों के लिए वर्ष 2006 के बाद से व्यवस्था की गई है। हम लोगों ने दिया है। जो सवाल कर रहे हैं उन लोगों ने कभी मान्यता प्राप्त पार्टियों को जगह नहीं दी है, जमीन तो हम लोगों ने ही पार्टियों के कार्यालय के लिए दिया है। जो पसंद किया, वही जमीन न मिला हुआ है। तो क्या आसमान से लायेंगे जमीन? सीएम नीतीश ने कहा यह सब कोई बोले तो पूछ लिया कीजिए। राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि राजद ने कभी अतिक्रमण करने का प्रयास नहीं किया। सभी यहां संयम से रहते हैं। सरकार के किस पदाधिकारी ने किस स्तर से फैसला लिया मुझे नहीं मालूम।

जमीन की सियासत

तमतमाए सीएम तो तेजस्वी ने किया पलटवार

राजनैतिक दलों के पार्टी कार्यालय के लिए जमीन आवंटन का मामला सियासी घमासान में बदलता जा रहा है। इस मसले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आमने सामने दिख रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल को और अधिक जमीन आवंटन के सवाल पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो टूक जवाब देते हुए कहा था कि जमीन आसमान से लाएं क्या? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस वक्तव्य पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तंज कसा है कि सच्चाई का सवाल पूछने पर मुख्यमंत्री को आदतन गुस्सा आ गया। बीएनआर कॉलेज के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था था कि जो लोग जमीन आवंटन पर सवाल उठा रहे हैं उन लोगों ने कभी मान्यता प्राप्त पार्टियों को जगह नहीं दी। हम लोगों की सरकार ने ही मान्यता प्राप्त दलों को जमीन देने का काम किया। जो जमीन पसंद किया गया वही मिला हुआ है।

हमारे एक ही नेता नीतीशः आरसीपी सिंह

जनता दल यूनाइटेड में उथल-पुथल की खबरों के बीच जबसे आरसीपी सिंह केंद्र में मंत्री बने हैं, तभी से ही जदयू के अंदरखाने गुटबाजी की बातें छन कर समय-समय पर आती रही हैं। इस बीच आरसीपी सिंह केंद्र में मंत्री बनने के बाद जब बिहार आए हैं तो लगातार बिहार का दौरा कर खऊव कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें धन्यवाद दे रहे हैं। लेकिन, जदयू सहित बिहार की तमाम सियासी पार्टियों की निगाहें आरसीपी सिंह पर इस बात को लेकर टिकी हुई थी कि खऊव में गुटबाजी और सीएम नीतीश कुमार के ढट मटेरियल वाले सवाल पर आरसीपी सिंह क्या बोलते हैं? आरसीपी सिंह ने खुल कर तमाम मुद्दों पर अपनी राय रखी और जदयू में किसी भी गुटबाजी से सीधे-सीधे इनकार कर दिया। दरअसल आरसीपी सिंह अपनी यात्रा के दौरान पटना और जहानाबाद के दौरे पर निकले तो जगह-जगह उनके समर्थकों ने स्वागत किया। जदूय में गुटबाजी की खबर पर आरसीपी सिंह ने कहा कि कहीं कोई गुटबाजी नहीं है जदयू में सिर्फ एक नेता हैं, नीतीश बाबू ऐसे में गुटबाजी की बात कहां से आती है?

LACY LIMITED
(Formerly Known as Sunrise Distilleries Limited)
Registered office: Flat No. 1106, Antriksh Bhawan, 22 K.G. Marg, Connaught Place, New Delhi DL-110001 IN.
CIN: L15511DL1985PLC021272

NOTICE

In view of the continuing Covid-19 Pandemic, the Ministry of Corporate Affairs (MCA) has vide its circular dated May 05, 2020 read with circulars dated April 08, 2020, April 13, 2020 & January 13, 2021, permitted the holding of AGM through Video Conference or Other Audio-Visual Means (OAVM). In compliance with these Circulars and the relevant provisions of the Companies Act, 2013 and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the upcoming **Annual General Meeting ('AGM')** of the Company will be held on **Thursday, September 30, 2021 at 03:00 P.M.** through VC/OAVM.

As per aforesaid circulars, the Notice of AGM has to be sent only by electronic mode to those Members whose E-mail Id is already registered with the Company/Depositaries. The Company is also providing e-voting and remote e-voting facility to all its Members similar to earlier practices.

If your email ID is already registered with the Company/ Depositary, Notice of AGM and login details for e-voting shall be sent to your registered email address. In case you have not registered your email ID with the Company/ Depositary, please follow below instructions to register your email ID for obtaining AGM Notice and login details for e-voting.

Physical Holding	Send a request to Registrar and Transfer Agents of the Company, **Beetal Financial & Computer Services (P) Ltd.** at beetalrta@gmail.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN(Self attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (Self attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. Please send your bank detail with original cancelled cheque to our RTA **Beetal Financial & Computer Services (P) Ltd. at Beetal house, 3rd Floor 99 Madangir, Behind Local Shopping Centre, Near Data Harsukhdas Mandir, New Delhi -110062, Contact No. - 011-29961281-282** along with letter mentioning folio no., if not registered already.
Demat Holding	Please contact your Depositary Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP. Please also update your bank detail with your DP for dividend payment by NACH if declared by the company.

The Notice of AGM will also be available on Company's website www.lacylimited.com and website of Metropolitan Stock Exchange of India Limited at www.msei.in. Members attending the meeting through VC/ OAVM shall be counted for the purpose of Quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

For Lacy Limited
(Formerly: Sunrise Distilleries Limited)
Sd/-
Yashica Sinha
Company Secretary & Compliance Officer

Place: New Delhi
Date: September 05, 2021

Phone Number: 011-41435195, E-mail ID: lacylimited2020@gmail.com, Web: www.lacylimited.com